हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 62 | पटना, बुधवार , 17 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# राजद ने बिहार को केवल दो ही चीजें दी हैं- जंगलराज, और भ्रष्टाचार: प्रधानमंत्री

**पूर्णिया (विशेष संवाददाता)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गया और पूर्णिया में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और बिहार की जनता से प्रदेश की हर सीट पर भारी बहुमत से एनडीए को विजयी बनाने का आह्वान किया। ।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि गया वो धरती है जिसने मगध का ऐश्वर्य और बिहार का वैभव देखा है। सदियों बाद भारत और बिहार अपने प्राचीन गौरव को वापस प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह चुनाव विकसित बिहार के संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर उमड़ा जनसैलाब साफ बता रहा है कि 4 जून को 400 पार के साथ एनडीए सरकार बनने जा रही है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि दो दिन पूर्व ही भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है, ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी पार्टी के संकल्प पत्र को गारंटी कार्ड बोला जा रहा है। बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र बाबू और बाबा

साहब भीम राम अंबेडकर का दिया हुआ ये संविधान न होता तो कभी पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था। भारत देश अनेक भाषाएं, बोलियां, रीति-रिवाज, पहनावा और जीवन शैलियों के साथ विविधताओं से भरा हुआ है और हर प्रकार के पंथ-संप्रदाय वाला देश है, ऐसे में देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ही पवित्र व्यवस्था, देश का संविधान है। संविधान निमार्ताओं का सपना था कि भारत समृद्ध बने, लेकिन दशकों तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस ने मौका और देश का समय गंवा दिया लेकिन आपके सेवक मोदी ने 25 करोड़ देशवासियों को गरीबी से बाहर निकाला है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक गरीबों को मकान और रोटी के सपने दिखाए लेकिन 4 कारोड़ गरीबों को पक्के मकान एनडीए सरकार ने दिए हैं। दलित, पिछड़ा और आदिवासियों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है जबकि दलितों, पिछड़ों और वंचितों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों तक मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए 3 कारोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, निःशुल्क राशन मिलेगा, 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर व्यक्ति को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिलेगा, किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी यह मोदी की गारंटी है। भाजपा के संकल्प पत्र में समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लिए विकास का ठोस रोड मैप बनाया गया है। गया में डोबी क्षेत्र की तस्वीर भी औद्योगिक कॉरिडोर से बदलने वाली है, जिसके बाद यहां के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बीते 10 वर्षों में देश के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा एक क्रांति की शुरूआत हुई, जिसकी चर्चा कम होती है। देश की 10 करोड़ महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं, जिसमें बिहार की 1.25 करोड़ बहनें और गया की 5.25 लाख बहनें शामिल हैं। कांग्रेस की सरकार में महिला स्वयं सहायता समूहों को बिहार में 150 करोड़ से भी कम मदद दी जाती थी लेकिन एनडीए सरकार के कार्यकाल में 40 हजार करोड़ से ज्यादा की मदद दी गई है। इसी प्रयास से अकेले बिहार में 12 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। अब भाजपा ने देश की 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का अभियान शुरू किया है जिसका बहुत बड़ा लाभ बिहार की महिलाओं को होगा।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के एजेंडे में विकास भी है और विरासत भी है। गया की उत्तर कोयल परियोजना लंबे समय से अटकी हुई थी लेकिन एनडीए सरकार के कार्यकाल में इसी पटरी पर लाया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से गया और औरंगाबाद के किसानों को सिचाई की सुविधा मिलेगी। एनडीए सरकार में प्रसाद योजना के अंतर्गत देश के 12 प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों में गया को भी शामिल किया है। गया पितृ श्राद्ध स्थल है, यहां भगवान बुद्ध को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी। कम ही लोग जानते हैं कि गुजरात के पाटन जिले में सिद्धपुर में मातृ श्राद्ध स्थल माना जाता है और पाटन को मातृ गया भी कहा जाता है। बिहार में पितृ गया है और गुजरात में मातृ गया है। मोदी सरकार देश के सभी स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी भारत की विरासतों को वर्ल्ड हैरिटेज मैप पर लेकर जाने का संकल्प लिया है जिसमें गया को भी एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया जाएगा। इस पहल से बड़ी संख्या में वैश्विक पर्यटक भारत आएंगे और इस पर्यटन का लाभ पूरे भारत के पर्यटक स्थलों को होगा। इसके अलावा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मोदी सरकार ने गया का तेजी से विकास किया है। अमृत स्टेशन योजना के तहत गया रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है।

## संपादकीय

# मोदी जी का घोषणा पत्र में रोटी कपड़ा और मकान

**जयप्रकाश चौधरी**

कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर ह्यमोदी की गारंटीह्न का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके।

## झारखंड मे जारी हुई प्रत्याशियों की सूची

**रांची, (नवशक्ति)।** झारखंड लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने झारखंड राज्य के लिए तीन प्रत्याशियों की सूची जारी की है जिसमें गोडा लोकसभा क्षेत्र (तीन) से दीपिका पांडे सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है वही चतरा (चार )से कृष्णानंद त्रिपाठी एवं धनबाद ( सात)से अनुपमा सिंह को लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है ' ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल ने प्रेषक विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी' यह तीनों प्रत्याशी अपने-अपने भाग का आजमाइश करेंगे।

## राजधानी में हुए हादसे पर मंत्री मंगल पांडेय ने जताया दुख

**पटना(नवशक्ति)।** स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने राजधानी पटना के न्यू बाईपास रामलखन पथ मोड़ के समीप हुए हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि काफी अफसोस की बात है कि क्रेन की टक्कर ऑटो से हो गई थी, जिसमें 7 लोगों की जान चली गयीं। ये घटना काफी दुखदायी है, जिसे सुनकर काफी मर्माहत हूं। इस घटना में मोतिहारी, रोहतास, समेत नेपाल के लोग शामिल हैं।

# हवा में तलवार भाँज रहे लालू, तेजस्वी और राहुल: डॉ भीम सिंह

**पटना ( नव शक्ति)**

बिहार भाजपा उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह ने लालू, तेजस्वी और राहुल गाँधी द्वारा भाजपा पर संविधान बदलने के प्रयास के आरोप को जनता की आँखों मे धूल झोंक कर वोट लेने का प्रयास मात्र बतलाया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा लोकतंत्र तथा संविधान पर खतरे और इन खतरों के खिलाफ पिछड़ी तथा अनुसूचित जातियों से एकजुट होने का आह्वान करना भी हवा में तलवार भांजने के समान है क्योंकि लोकतंत्र व संविधान पर कोई खतरा नहीं है। हाँ, खतरा है तो राजद- कांग्रेस जैसी पार्टियों और उनके नेताओं की 'एकतंत्र व लूटतंत्र' पर जरूर है। लूटेरों को 1111जेल भेजकर उनसे जनता का पाई-पाई वसूला जाएगा, यह 'मोदी की गारंटी' है।

डॉ सिंह ने भारत का लोकतंत्र इतना कमजोर नहीं है कि कोई दल या नेता खत्म कर दे। हाँ, एक बार इंदिरा जी ने जरूर प्रयास किया था जिन्हें जनता ने अपने वोट-बल से चारो खाने चीत कर दिया था। डॉ सिंह ने कहा कि यदि लालूजी मे जरा भी शर्म-हया बची है तो क्या वे बतलाएंगे कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी का नामकरण 'मीसा' किस खुशी में रखा था?

डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा पर संविधान बदलने के प्रयास का आरोप तो बकबास के सिवा कुछ है ही नहीं। और ऐसा आरोप कॉंग्रेस द्वारा लगाया जाना बिल्कुल हास्यास्पद है क्योंकि यह कांग्रेस ही है जिसने आपातकाल के दौरान अनेक संशोधनों के जरिए संविधान में आमूलचूल परिवर्तन कर दिया था। उन परिवर्तनों को परिवर्तित कर संविधान को उसके मूल रूप में लाने का काम जनता पार्टी की सरकार ने किया जिसमें जनसंघ( भाजपा) भी शामिल था।

डॉ. सिंह ने कहा कि मैंने 9 दिनों तक नवादा तथा औरंगाबाद निर्वाचन क्षेत्रों में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान देखा है कि मतदाताओं ने एक बार फिर राजद-कांग्रेस -कम्युनिस्ट गठबंधन को नकार दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास कार्यों का जनता पर गजब का प्रभाव है। अपने उखड़ते पाँव को देखकर लालू-तेजस्वी-राहुल की तिकड़ी बदहवास हो गई है। और बदहवासी के ऐसे ही आलम में वे अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है।

# प्रधानमंत्री चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज करेंगे : जे पी नड्डा

**रामनाथपुरम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोडशो किया। अन्नाद्रमुक से निष्कासित पन्नीरसेल्वम भाजपा नीत राजग के तहत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामनाथपुरम से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

राज्य में सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर कथित भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते हुए नड्डा ने इस पार्टी के लोगों पर बालू घोटाले में लिप्त होने का

आरोप लगाया और कहा कि द्रमुक का मतलब- डी यानी डायनेस्टी (वंशवाद), एम यानी मनी स्विंडलिंग (पैसे की हेराफेरी) और के यानी कट्टापंचायत (कंगारू अदालत) है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर देंगे तथा ये सभी लोग जेल में होंगे या जमानत पर होंगे। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने के बाद चार जून को मतगणना होगी। नड्डा ने विशेष रूप से तैयार किये गये एक खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया। उन्होंने पन्नीरसेल्वम की तारीफ करते हुए उन्हें ऐसा वरिष्ठ नेता बताया जो अनुभवी एवं परिपक्व हैं तथा जिन्होंने तमिलनाडु की खातिर संघर्ष किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने कोष आवंटन में इस दक्षिणी राज्य के साथ विशेष बर्ताव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने तमिल संस्कृति एवं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाया। उन्होंने यह भी कहा कि राजग के पिछले एक दशक के शासनकाल में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेज छलांग लगायी है तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया है।

## चुनावी तैयारियों को लेकर जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं मंत्री मदन सहनी का संयुक्त हेलिकॉप्टर दौरा

**पटना (नव शक्ति)।** लोकसभा आम चुनाव तैयारियों के मद्देनजर जद(यू0) के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा एवं बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री मदन सहनी का संयुक्त हेलिकॉप्टर दौरा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। दोनों वरिष्ठ नेता दिनांक 17 अप्रैल को कटिहार लोकसभा क्षेत्र तथा भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित एनडीए गठबंधन की बैठक में शिरकत करेंगे। इस अतिमहत्वपूर्ण बैठक में कटिहार एवं भागलपुर के एनडीए गठबंधन के तमाम पदाधिकारीगण मौजूद रहेंगे। जिसमें एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

# पूरे देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की गारंटी: अमित शाह

**उत्तराखंड।** गृह मंत्री अमित शाह आज उत्तराखंड दौरे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार किया। उत्तराखंड के कोटद्वार में उन्होंने कहा कि आज अष्टमी है, कल राम नवमी है और 500 साल बाद रामलला अपना जन्मदिन टेंट की जगह भव्य मंदिर में मनाने वाले हैं। ये बड़े सौभाग्य की बात है कि हमने अपने जीवनकाल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देखी है। शाह ने कहा कि 500 साल से जो मुद्दा लटका हुआ था, कांग्रेस ने 70 साल तक देश पर शासन किया लेकिन राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती रही। मोदी जी के 5 साल के शासन के दौरान राम मंदिर का फैसला भी आया, राम मंदिर का भूमि पूजन भी हुआ और प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई।

अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना से ही हमारे नेताओं ने चुनाव घोषणा पत्र में एक वादा किया था कि इस देश में धर्म के अनुसार कानून नहीं होगा। इस देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड होगा। पूरे भारत में सबसे पहले वउउ लाने का काम उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी ने किया है। मोदी जी ने हमारे संकल्प पत्र में इसी तर्ज पर पूरे देश में वउउ लाने की गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है, 'विकसित भारत' की रचना करना और भारत विकसित तभी बन सकता है, जब उत्तराखंड विकसित होगा।

शाह ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। मोदी जी को तीसरी बार

प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि उत्तराखंड और राजस्थान के लोगों का कश्मीर से क्या मतलब है। खड़गे जी, उत्तराखंड और राजस्थान के जवानों ने कश्मीर को बचाने के लिए अपना लहू बहाया है। ये कांग्रेस का संस्कार है, जो उत्तराखंड के वीर योद्धा विपिन रावत को भी गली का गुंडा बताती है।

गृह मंत्री ने कहा कि उअअ लागू कर 70 साल से तकलीफ में जी रहे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का काम मोदी सरकार ने किया है। 10 साल के अंदर, 60 करोड़ गरीबों में नई ऊर्जा भरने का काम मोदी सरकार ने किया। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस दौरान कहा कि यह एक शुभ दिन है। आज दुर्गा अष्टमी है और इस अवसर पर मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं...मैं कहना चाहूंगा कि हमने पूरे उत्तराखंड में देखा है और हर जगह लोगों से बात की है।

पूरे उत्तराखंड में एक ही माहौल है, हर कोई कह रहा है कि पीएम मोदी सरकार बनाने जा रहे हैं। बीजेपी जीतने वाली है। एनडीए सरकार बनाने जा रही है। सवाल यह है कि 400 से ऊपर हमें कितनी सीटें मिलेंगी।



# बिहार में जंगलराज लाने वाले एनडीए सरकार के कार्यों की क्रेडिट लेने में लगे हैं : सम्राट चौधरी

सुपौल ( नव शक्ति )

प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सुपौल से एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार दिलेश्वर कामत जी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। नामांकन के बाद आयोजित आशीर्वाद सभा में उन्होंने जहां मोदी सरकार के विकास कार्यों को गिनाया वहीं विरोधियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश में नीतीश कुमार जी की सरकार ही बिहार का सम्पूर्ण विकास कर सकती है, शेष दल सिर्फ खोखले वादा करते हैं।

उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राजद की स्थिति है कि आज एनडीए सरकार में कराए गए कार्यों की ही क्रेडिट लेकर वोट मांगने निकल रहे है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद से भलीभांति परिचित है। राजद की पहचान ही जंगलराज और भ्रष्टाचार रही है। बिहार की जनता कभी नहीं चाहेगी कि बिहार में फिर वह दौर आए।

सुपौल के लोगों को एनडीए प्रत्याशी के ₹विजय श्री₹ का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विकसित होगा तो बिहार भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि आज देश के लिए मोदी जी जरूरी है, इस कारण एक एक वोट एनडीए को मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज देश का डंका दुनिया में बज रहा है। यह मोदी जी का ही कमाल है कि दुनिया में देश की पूछ बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज सभी भ्रष्टाचार करने वाले एक होकर अपने भ्रष्टाचार पर परदा डालने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन देश की जनता मोदी जी के साथ है।

# इस्सयोग' की शक्तिपात-दीक्षा 20 अप्रैल को

- 24 अप्रैल को आहूत होगा महात्मा सुशील कुमार का २२वाँ महानिर्वाण महोत्सव
- देश-विदेश के हजारों इस्सयोगियों का लगेगा महाकुंभ

पटना (नव शक्ति)

अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को अपराहन 5 बजे गोला रोड स्थित इस्सयोग के उत्सव-भवन 'एम एस एम बी भवन' में 'शक्तिपात-दीक्षा' का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें संस्था की अध्यक्ष और तत्त्वज्ञानी ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुमाता माँ विजया जी द्वारा, सैकड़ों नव-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषों को इस्सयोग की सूक्ष्म आंतरिक साधना आरंभ करने के लिए आवश्यक शक्तिपात-दीक्षा दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए, संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया है कि, आगामी 23-24 अप्रैल को होने वाले दो दिवसीय 'महानिर्वाण महोत्सव' के पूर्व आयोजित इस दीक्षा-कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार भी भाग लेंगे, जो एक दिन पूर्व अमेरिका से पटना पहुँच रहे हैं।विशेष आध्यात्मिक महत्त्व के इस कार्यक्रम में अनेक स्थानों से, सैकड़ों की संख्या में दीक्षा के अभिलाषियों और इस्सयोगियों की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम का आरंभ इस्सयोग की विशिष्ट शैली में होने वाले अखण्ड भजन-संकीर्तन से होगा तथा दीक्षा के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ उत्सव का समापन होगा। स्मरणीय है कि सूक्ष्म आंतरिक साधना पद्धति 'इस्सयोग' के प्रवर्त्तक और 'अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज' के संस्थापक ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार के महानिर्वाण की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 23-24 अप्रैल को दो दिवसीय महोत्सव आयोजित होता है, जिसमें दुनिया भर से हजारों की संख्या में इस्सयोगी भाग लेते हैं। महोत्सव की तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं। विदेशों से इस्सयोगियों का आगमन 19 अप्रैल से आरंभ हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### दो फरार आरोपी समेत एक वारंटी गिरफ्तार

**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इस्लामपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर अलग अलग कांडों के दो फरार आरोपी समेत एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया की इस्लामपुर थाना पुलिस ने इसलामपुर थाना क्षेत्र के रूपनचक गांव मे छापेमारी कर सालों से फरार चल रहे हत्या एवं एसी एसटी एक्ट कांड का नामजद आरोपी अनुराग चौहान एवं चंदनपुरा गांव मे छापेमारी कर गांजा तस्कर नीलेश कुमार के साथ तेतरीया गांव से वारंटी अरूण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे हिलसा भेज दिया।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा औरंगाबाद के रफीगंज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद, (नव शक्ति)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व मंगलवार (16.4.2024) को जिले के रफीगंज प्रखंड में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड औरंगाबाद जिला के कैडेट्स द्वारा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर से रफीगंज स्टेशन तक एक जागरूकता निकाली गई। रैली रफीगंज बाजार तथा अन्य प्रमुख स्थानों से होते हुए स्टेशन पर जाकर समाप्त हुई। रैली में लगभग 100 कैडेट्स के साथ साथ आम लोग भी सम्मिलित हुए। रैली का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार ने किया। साथ ही स्काउट स्काउट मास्टर बसंत कुमार द्वारा मार्गदर्शन किया गया। रैली के संपन्न होने के के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा घर-घर संपर्क के माध्यम से आम जनों को अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने जा रहे युवाओं से मतदान में भाग लेने की अपील की गयी साथ ही महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बिहार के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पहली बात मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।अभियान में केंदीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह भी शामिल रहे। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत सहित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित आम जनों द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ऐश्वर्य कुमार के साथ स्थानीय लोगों में जयशंकर कुमार तिवारी श्रेया कुमारी, काजल कुमारी, रोहित कुमार प्रियंका कुमारी अमन कुमार रवि रंजन कुमार आदि द्वारा भी अभियान में सहयोग प्रदान किया 17 अप्रैल 2024 को जागरूकता अभियान का चौथा व अंतिम दिन होगा।

### डीएम, एसपी ने रामनवमी पर विधि व्यवस्था को लेकर कई स्थानों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** शशांक शुभंकर ,जिला दंडाधिकारी- सह-जिलाधिकारी एवं अशोक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक , नालंदा द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रामनवमी पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मोगल कुआं प्राचीन ब्रह्म स्थान /लहेरी थाना के समीप गगन दीवान /सोगरा कॉलेज / पक्की तालाब एवं अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे /लाइटिंग/ साफ सफाई आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से रामनवमी के अवसर पर जुलूस गुजरने वाले सड़क के किनारे से अनावश्यक रूप से रखें ईंट/ पत्थर को हटाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता ,अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।

# राज्य की जनता दे रही है प्रधानमंत्री जी को आशीर्वाद, 40 का 40 जायेगी एन.डी.ए. की झोली में: विजय कुमार सिन्हा

पटना ( नव शक्ति )

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भ्रष्टाचार उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता है। वे आर्थिक अपराध ईकाई द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे 20 अधिकारीयों को पूछताछ के लिए नोटिस पर अपना विचार व्यक्त कर रहे थें।

श्री सिन्हा ने कहा कि नियुक्ति से निविदा तक सभी घोटालों की जाँच के लिए सरकार संकल्पित है। सिपाही भर्ती घोटाला की भी सघन जाँच हो रही है। दोषियों को कानून के शिकंजा में लाने हेतु सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। भ्रष्ट्र आचरण में लिप्त लोकसेवकों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी वरीय अधिकारीयों को अपने-अपने विभाग में दागी कर्मियों की पहचान करनी पड़ेगी।

श्री सिन्हा ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। अपने शासन काल में राज्य प्रायोजित भ्रष्ट्राचार के द्वारा इन्होने अकूत संपति अर्जित की। इनके भ्रष्टाचार का नतीजा चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, वर्दी घोटाला, बहाली घोटाला, नौकरी के बदले जमीन घोटाला के रुप में प्रकट हुआ। ये अभी भी सुधरे नहीं हैं। मौका मिलते ही ये अपने पुराने रूप में आ जाते हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार की जनता भरपूर प्यार और आशीर्वाद दे रही है। किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, गरीबों को घर, लखपति दीदी, उज्ज्वला सहित अनेक केन्द्रीय योजनाओं में बिहार के लाखों लाभार्थी शामिल हैं। भारत सरकार और बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बदौलत 40 का 40 सीट एन.डी.ए की झोली में जाना तय है।

# नीतीश कुमार के इशारे पर राज्यपाल को किया जा रहा है अपमानित: राजेश राठौड़

पटना ( नव शक्ति)

बिहार में शैक्षणिक गतिविधियों में लगातार तुगलकी फरमान जारी करने वाले शिक्षा सचिव के के पाठक के हालिया कृत्य जिसमें उन्होंने देश के इतिहास में पहली बार राज्यपाल को 30 मिनट तक इंतजार कराने के बावजूद मिलने नहीं आने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने उन्हें आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता यह सोचने को विवश हो चुकी है कि आखिर एक अधिकारी किसके इशारे पर यूं गैर संवैधानिक हरकत कर रहा है? हालिया घटनाक्रम में राज्यपाल के बुलावे को दरकिनार करके उक्त शिक्षा सचिव ने संविधान सहित बिहार का अपमान किया है। इस अधिकारी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का वरदहस्त प्राप्त है और उनके इशारे पर ही पहले शिक्षकों को प्रताड़ित किया गया और फिर अपमानित किया गया जबकि अब महामहिम राज्यपाल को भी अपमानित करने का कृत्य किया जा रहा है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि पहले शिक्षा सचिव के बुलावे पर कुलपति नहीं जाते हैं और अब राज्यपाल के बुलावे पर शिक्षा सचिव नहीं जा रहे हैं जो यह बताने को काफी है कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो चुकी है और यह सब नीतीश कुमार के सरकार में प्रायोजित तरीके से चल रही है। उन्होंने आश्चर्य करते हुए कहा कि बेवजह के मुद्दों पर लगातार बयानबाजी करने वाले भाजपा के दोनों उप मुख्यमंत्री ऐसे मुद्दों पर क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से डर कर चुप हो जाते हैं? यही भाजपा जब विपक्ष में थी तो अधिकारियों के ऐसे कृत्यों पर हल्ला मचाती थी लेकिन आज जब बिहार के संवैधानिक प्रमुख महामहिम राज्यपाल को एक अधिकारी के द्वारा अपमानित किया जा रहा है तो इसपे भाजपा नेता चुप्पी क्यों साध ले रहे हैं? राज्यपाल को अपने पद की गरिमा बचाने के लिए क्या इस्तीफा देना होगा तभी नीतीश कुमार अपनी कार्यशैली बदलेंगे या उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय सिंह अपना मौन तोड़ेंगे?

# चार सौ कौन कहे, मोदी जी के लिए दो सौ पार करना कठिन होगा: शिवानंद तिवारी

पटना ( नव शक्ति)

अगले पाँच वर्षों तक अस्सी करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन मिलता रहेगा. इसको किस आधार पर संकल्प कहा जाएगा ! संकल्प तो यह हो सकता है कि हमारी सरकार अगले पाँच वर्षों में दस करोड़ या बीस करोड़ लोगों को इस लायक बना देगी कि वे मुफ़्त राशन पर निर्भर नहीं रहेंगे.

मोदी जी के पिछले दस साल के शासन काल में देश में क्या स्थिति है ! स्वास्थ्य के क्षेत्र की हालत खराब है. पिछले पाँच वर्षों में अस्पताल में भर्ती होने के बाद खर्च में दोगुना वृद्धि हुई है. दवाइयों की कीमतों में हर वर्ष वृद्धि हो रही है. इलाज गरीब आदमी की पहुँच के बाहर होता जा रहा है. संकल्प तो यह कहा जाएगा कि अगले एक या दो साल में दवाइयों की कीमत आधी या चौथाई कम कर देंगे.

शिक्षा के क्षेत्र में भी यही हाल है. 2019 के अपने चुनाव घोषणा पत्र में मोदी जी ने वादा किया था कि उनकी सरकार शिक्षा पर जीडीपी का छह प्रतिशत खर्च करेगी. लेकिन खर्च हुआ मात्र 2.7 प्रतिशत. शिक्षा पर खर्च के मामले में दुनिया के देशों में हमारा देश 136 वे स्थान पर है.

देश के अंदर बेरोजगारी और महंगाई अपने चरम पर है. 2014 में युवाओं को मोदी जी ने सपना दिखाया था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देंगे. आज देश में बेरोजगारी का प्रतिशत चिंताजनक है. देश की अंदरूनी हालत भी आश्वस्त करने वाली नहीं. मोदी जी मणिपुर को सँभाल नहीं पा रहे हैं. उधर लेह, लदाख और कारगिल का इलाका उबल रहा है. इसी इलाके में चीन हमारे हजारों वर्ग मील जमीन पर कब्जा जमाए बैठा है.

राजनाथ जी का दावा है कि भारत जब विश्व के मंच पर बोलता है तो दुनिया सुनती है. लेकिन हकीकत क्या है ! बगल में पाँच लाख की आबादी वाला देश मालदीव हमारा घोर विरोधी हो चुका है. वहाँ की अब तक की परंपरा रही है कि चुनाव जीतने वाला राष्ट्रपति अपनी विदेश यात्रा की शुरूआत भारत से करता है. अबकी बार यह परंपरा टूट गई. नव निर्वाचित राष्ट्रपति ने अपनी विदेश यात्रा की शुरूआत चीन से की है. भूटान भी बेचैन है. हालाँकि अभी प्रधानमंत्री जी वहाँ गए थे. पूर्व में भारत भूटान को प्रति वर्ष पाँच हजार करोड़ रुपये की सहायता देता था. अपनी ताजा यात्रा में प्रधानमंत्री जी ने सहायता राशि दोगुनी यानी दस हजार करोड़ कर हालत को सुधारने का प्रयास किया है.

पिछले दस वर्षों के मोदी शासन काल में देश में लोकतंत्र की क्या हालत है ! वैसे तो हमारे देश की शासन व्यवस्था के तीन पाए हैं. विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका. तीन पायों में न्यायपालिका पर सरकार का गंभीर दबाव है. जबकि न्यायपालिका को हमारे संविधान का गार्जियन माना जाता है. हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षक न्यायपालिका ही है. अभी उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के भूपू न्यायाधीशों का सार्वजनिक बयान आया है. उन्होंने न्यायपालिका पर सरकार के बढ़ते दबाव और दबावों के चलते प्रभावित होते निर्णयों को लेकर सार्वजनिक रूप से चिंता प्रकट की है.

मोदी जी ने लोकतंत्र को ही लंगड़ा बना दिया है. लोकतंत्र के चौथे पाये को इन्होंने लगभग अपने कब्जा में कर लिया है. वह चौथा पाया है मीडिया. अखबार और टेलीविजनों के समाचार चैनल . जहाँ मीडिया स्वतंत्र नहीं है वहाँ लोकतंत्र को स्वस्थ और चैतन्य नहीं माना जाता है. यही वह माध्यम है जिसके जरिए जनता का सुख दुख सरकार तक पहुँचता है.

या सरकारों की बात जनता तक पहुँचती है. इधर टेलीविजन एक मजबूत माध्यम बन गया है. अखबार तो हर जगह नहीं पहुँचते हैं. लेकिन टेलीविजन की पहुँच तो प्रायः झोपड़ियों तक हो चुकी है. टेलीविजन पर दिन रात मोदी जी दिखाई और सुनाई देते हैं. एक से एक पोशाक, तरह तरह की रंगीन पगड़ी में !मोदी जी आत्ममुग्ध व्यक्ति हैं. लंबा लंबा प्रवचनी अंदाज में भाषण करते हैं. यह एक प्रकार का रोग है. इसके शिकार व्यक्ति को अपना ही चेहरा, अपनी ही बोली अच्छी लगती है. बीच में अगर कोई टोक दे या सवाल पूछ दे तो वह लड़खड़ाने लगता है.

# रामनवमी पर्व के दौरान गलत अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन कि रहेगी कड़ी नजर

बिहारशरीफ (नवशक्ति)

आज मंगलवार को जिला दंडाधिकारी -सह- जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से टाउन हॉल , बिहारशरीफ में रामनवमी पर्व के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जिलेभर में ईद पर्व/चैती छठ एवं चिरागा मेला शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ , इसके लिए सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं ।

उन्होंने कहा कि दिनांक 17 एवं 18 अप्रैल 2024 को रामनवमी पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था कायम रखने हेतु विशेष सतर्कता , चौकसी एवं सावधानी बरतने की जरूरत है । प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों /पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि संवेदनशील/ अति संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्ती /वाहन गश्ती भ्रमणशील रखें , किसी प्रकार की अप्रिय घटना पर तुरंत नियंत्रण सुनिश्चित करेंगे ।

नियंत्रण कक्ष से 24 घंटे निगरानी की जाएगी। मौकापरस्त ताकतों/ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अवैध जुलूस को प्रतिबंधित करें/ हुडदंगियों पर नजर रखें/ बाइकर्स हुजुम को रोकें / ड्रॉप गेट ऑपरेशनल रखें /बाहरी बाइकर्स हुजुम पर नजर रखें/गलत अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें/सायरन बजाकर लगातार गश्ती करते रहें ।विधि व्यवस्था संधारण हेतु सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दंडाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए , इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण , सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। शहर भर में ट्रैफिक मैनेजमेंट दुरुस्त रखें , टू व्हीलर्स ,ट्रिपल राइडर्स के समूह को रोकें , असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखें । सोशल मीडिया/फेक न्यूज/गलत अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। महिलाओं के सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखें ।निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्टेटिक मूवमेंट/क्यूआरटी मूवमेंट/ पेट्रोलिंग/ वाहन चेकिंग/ ट्रैफिक मैनेजमेंट को हर हाल में दुरुस्त रखें , लगातार गश्ती करते रहें ।सभी दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर उपस्थित रहेंगे , डायल 112 लगातार भ्रमणशील रखेंगे , प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी हाई अलर्ट मूड में रहे ,एक टीम के रूप में कार्य करेंगे ,संवेदनशील/ अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतेंगे। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटना की सूचना तुरंत उपलब्ध कराएं , ताकि बड़ी घटना होने से पूर्व ससमय नियंत्रण किया जा सके ।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा सहित संबंधित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

# खगड़िया में जनता के स्वागत से अभिभूत हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**पटना ( नव शक्ति)**

अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज खगड़िया पहुंचे। इस दौरान उनका भाजपा के कार्यकताओं और स्थानीय लोगों द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया।

लोगों के स्वागत से अभिभूत श्री चौधरी ने यहां लोगों से एनडीए के प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील करते हुए कहा कि 75 सालों के इतिहास में कोई ऐसा पीएम नहीं आया जिसने गरीबों, युवाओं, महिलाओं के कल्याण की बात की हो।

खगड़िया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी जब पीएम बने तो उन्होंने गरीबों की चिंता की। उन्होंने गरीबों को पांच किलो अनाज दिया तो मोदी और नीतीश सरकार ने पांच लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा भी दी।

उन्होंने कहा कि बिहार में 15 दिनों में दो करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया गया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि बिहार को , देश को अब विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि पीएम ने 4 करोड़ गरीबों को रहने के लिए पक्का मकान दिया तो 500 साल से इंतजार कर रहे प्रभु श्रीराम को भी भव्य मंदिर में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की चर्चा आज देश से लेकर विदेश तक में हो रही है लेकिन, देश के कुछ लोग भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि बिहार में सुशासन का राज स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई माफिया ऐसा करेगा तो उन सभी का इलाज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बालू माफिया हों, या शराब माफिया या जमीन माफिया, सब को या तो जेल जाना पड़ेगा या बिहार छोड़ना पड़ेगा।

# गुजरात के लिए आप ने जारी किया स्टार प्रचारकों की सूची

**नई दिल्ली।** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को मंगलवार को जारी हुई आम आदमी पार्टी (आप) के स्टार प्रचारकों की सूची में दूसरे नंबर पर रखा गया है। पहले पर अरविंद केजरीवाल का नाम है जबकि तीसरे नंबर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का नाम है। आम आदमी पार्टी की स्टार प्रचारकों की सूची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात के लिए है। गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से, पार्टी विपक्षी इंडिया गुट के हिस्से के रूप में भरूच और भावनगर में लड़ रही है, जबकि कांग्रेस शेष 24 सीटों पर लड़ेगी।

आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में मनीष सिसोदिया, संदीप पाठक, पंकज गुप्ता, संजय सिंह, गोपाल राय,

राघव चड्ढा, आतिशी, सौरभ भारद्वाज का भी नाम शामिल है जो लगातार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहते हैं। इसके अलावा गुजरात के क्षेत्रीय नेताओं को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इसमें गोपाल इटालिया और इसुदान गढ़वी का नाम शामिल है। 21 मार्च को उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद से सुनीता केजरीवाल ने अअढ, विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (INDIA) के नेताओं के साथ बैठकें की हैं और अरविंद केजरीवाल की ओर से वीडियो संदेश जारी किए हैं।

2020 के विधानसभा चुनाव में, सुनीता केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया, जहां मुख्यमंत्री तीसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे। मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन के भी सलाखों के पीछे होने से, आप को ऐसे नेताओं के संकट का सामना करना पड़ रहा है जो 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार कर सकें। आप दिल्ली में चार, पंजाब में 13, हरियाणा में एक, गुजरात और असम में दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

# नालंदा में महागठबंधन प्रत्याशी संदीप सौरभ के पक्ष में बह रही है हवा, भारी मतों से जीतेंगे: अशोक कुमार हिमांशु

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** इंडिया गठबंधन की ओर से डा० संदीप सौरभ के फेवर में आज राजद कार्यलय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया ।

विदित हो कि इंडिया गठबंधन की ओर से 29-नालन्दा लोकसभा निवार्चन क्षेत्र से भाकपा माले के केन्द्रिय कमीटि सदस्य और पालीगंज के विधायक कामरेड डा0 संदीप सौरभ प्रत्याशी बनाए गए हैं। नालन्दा में चुनाव एकतरफा हो गया है, जनता एकमत होकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कामरेड डा0 संदीप सौरभ को मतदान करेगी और भारी मतों से विजयी बनाएगी।

एक चुनाव संचालन समीति राजद जिलाध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु बनाए गए हैं । कमीटि के अन्य सदस्य हैं शक्ति सिंह यादव, मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश राजद,

विधायक राकेश कुमार रोशन, नसरुदीन उर्फ पप्पू खान, हुमायूं अख्तर तारीक, अनिल कुमार उर्फ महराज जी, कामरेड धीरेन्द्र झा पोलिट ब्यूरो सदस्य, भाकपा माले, सुरेन्द्र राम जिला सचिव भाकपा माले, माले नेता का0 पाल बिहारी लाल, सीपाआई जिला सचिव राजकिशोर प्रसाद, सीपीएम जिलासचिव का0 जनार्दन प्रसाद, डा0 सत्येन्द्र बिन्द जिलाध्यक्ष वीआईपी, मो0 हैदर आलम नेता कांग्रेस, शिव सत्य प्रभाकर आम आदमी पार्टी और नालन्दा प्रत्याशी डा0 संदीप सौरभ । इंडिया के नेताओं ने जनता से आग्रह किया है कि मोदी जी जुमलों की बरसात कर रहे हैं ,इससे जनता ऊबी हुई है और उनको सबक सिखाएगी ।200 भी पार नहीं कर पाएंगे और400 का जुमला उछाल रहे हैं ।इंडिया गठबंधन की ओर से धनंजय कुमार उर्फ पप्पु यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी विकास के बजाय जुमले वाली में लिप्त हैं, जिसे बिहार की जनता लोकसभा चुनाव में सबक सिखाएगी। महागठबंधन के नालंदा लोकसभा प्रत्याशी भाकपा माले उम्मीदवार संदिप सौरभ के पक्ष में नालंदा में हवा बह रही है। और व्यापारी मतों से विजयी होंगे।

# रणदीप सुरजेवाला पर चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, प्रचार पर लगा 48 घंटे का बैन

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। चुनाव आयोग का यह फैसला मथुरा से भाजपा सांसद के खिलाफ सांसद की टिप्पणी पर सुरजेवाला और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद आया है। भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में सुरजेवाला को यह कहते हुए सुना गया, ह्ललोग अपने विधायकों/सांसदों को क्यों चुनते हैं? ताकि वे

(विधायक/सांसद) जनता की आवाज उठा सकें। यह हेमा मालिनी की तरह नहीं है, जिन्हें चाटने के लिए चुना गया था।

सुरजेवाला उस समय भाजपा के निशाने पर आ गए जब पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक अदिनांकित वीडियो साझा किया जिसमें कांग्रेस सांसद को हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना गया। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला का वो बयान भी सुना होगा, जिसमें वो हमारी पार्टी की वरिष्ठ सांसद हेमा मालिनी जी के लिए इस प्रकार के आपत्तिजनक, अशोभनीय और अभद्र शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, जिसे किसी औपचारिक मंच से बोलना भी संभव नहीं है। ये भारत की राजनीति में कांग्रेस पार्टी के द्वारा महिलाओं के प्रति अवमानना की एक नई निम्नता है। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि ये विषय केवल रणदीप सुरजेवाला का नहीं है। ये विषय कांग्रेस पार्टी की महिलाओं के प्रति एक व्यवस्थित और कुत्सित मानसिकता का है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के किसी व्यक्ति ने मंडी की पवित्र भूमि का अपमान किया था, उसे कौन भूल सकता है? यह अजीब बात है कि कांग्रेस पार्टी के किसी भी सदस्य ने आज तक यह 'खोज' नहीं किया कि वह बेशर्म ट्वीट किसने किया था! ऐश्वर्या राय बच्चन जी पर राहुल गांधी की टिप्पणी भी उतनी ही अपमानजनक थी। शहजाद पूनावाला ने कहा कि नारी शक्ति का अपमान, कांग्रेस की पहचान। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने न केवल हेमा मालिनी बल्कि नारी शक्ति के लिए भी घृणित, स्त्री द्वेषी, लैंगिक भेदभावपूर्ण टिप्पणी की है।

## संक्षिप्त खबर

### असम में प्रियंका गांधी ने गौरव गोगोई के समर्थन में किया रोड शो

**तिताबोर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने असम के जोरहाट में पार्टी उम्मीदवार गौरव गोगोई के समर्थन में मंगलवार को रोडशो किया। प्रियंका आज (मंगलवार) सुबह जोरहाट हवाई अड्डे पर उतरीं और सीधे तिताबोर पहुंचीं। तिताबोर, जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक विधानसभा क्षेत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री और गौरव गोगोई के पिता तरूण गोगोई ने इस विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, कांग्रेस महासचिव और असम के प्रभारी जितेंद्र सिंह, असम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रियंका ने गोगोई के समर्थन में तिताबोर चरियाली से अपना रोड शो शुरू किया।

प्रियंका गांधी ने रोडशो शुरू करने से पहले सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्वोत्तर के राज्यों की अपनी एक अनूठी संस्कृति है, ऐतिहासिक विरासत है। भाजपा सरकार ने इस विरासत पर अपने कायदे थोपे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई और बेरोजगारी ने जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। प्रियंका ने कहा, कांग्रेस की पांच न्याय की गारंटी न सिर्फ जनता को राहत पहुंचाएगी, बल्कि युवाओं का और देश का भविष्य मजबूत करेगी। जोरहाट लोकसभा सीट पर गोगोई का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद तपन कुमार गोगोई से होगा।

जोरहाट सीट पर मतदान लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को होगा। कांग्रेस की मीडिया समन्वयक (असम) महिमा सिंह ने कहा कि रोडशो शहर के भीतर तिताबोर तिनियाली तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के बाद प्रियंका गांधी त्रिपुरा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में एक और रोडशो करने के लिए त्रिपुरा रवाना होंगी।

### सरकार ओडिशा में बस हादसे के प्रभावितों को पूरी सहायता करेगी : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पड़ोसी राज्य ओडिशा में हुई बस दुर्घटना पर मंगलवार को दुख प्रकट किया और कहा कि उनकी सरकार इस हादसे के प्रभावितों को सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के जिन लोगों की मौत हो गयी, उनके परिवारों को तथा जो लोग घायल हुए हैं, उन्हें नियमानुसार अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य प्रशासन सहायता की खातिर अधिकारियों, सामग्री और एंबुलेस को दुर्घटनास्थल पर भेज रहा है।

बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पिछली रात ओडिशा के जाजपुर जिले में दुखद बस दुर्घटना में कई यात्रियों की मौत हो जाने और कई अन्य के घायल हो जाने की खबर सुनकर दुख हुआ। ओडिशा के जाजपुर जिले में सोमवार शाम को एक बस के पुल से नीचे गिर जाने से एक महिला समेत कम से कम पांच यात्रियों की मौत हो गयी जबकि करीब 35 अन्य घायल हो गये। बनर्जी ने कहा, पश्चिम बंगाल प्रशासन प्रारंभ से ही बचाव एवं सहायता में लगा है। यह बस हमारे राज्य में आ रही थी तथा जिन लोगों की जान गयी है, उनमें कुछ तथा घायलों में कई हमारे लोग हैं। उन्होंने कहा , इस हादसे में बचाए गये लोगों को लाने के लिए वाहन भेजे गये हैं। उन्होंने कहा कि वह इस हादसे में प्रभावित हुए पूर्व मेदिनीपुर के अपने भाई-बहनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, मेदिनीपुर चिकित्सा महाविद्यालय में बिस्तर आरक्षित कर दिये गये हैं।

# मोदी जी बिहार आये हैं-झूठ का पिटारा साथ लाये हैं: आनन्द माधव

**पटना (संवाददाता)**

बिहार में मोदी जी ने इंडिया गठबंधन को खूब कोसा और विपक्ष को विहीन बतलाया साथ ही हर बार की तरह झूठ और जुमलों की बारिश की। मोदी जी के इसी झाँसे में आकर 2019 में 40 में से 39 सीटें एनडीए को मिली लेकिन बिहार के लोगों को क्या मिला?

रोजगार के लिये पलायन, स्वास्थ्य के नाम पर पलायन, बेहतर भविष्य के लिये पलायन, शिक्षा के लिये पलायन, ना ही कोई उद्योग लगा बिहार में और ना ही बिहार को विशेष दर्जा ही मिला। विशेष पैकेज के नाम से पहले से ही आवंटित राशी को दुबारा परोसा गया। जिसका भी कोई काम पूरा नहीं हो पाया है। क्या मोदी जी बिहार की जनता के इन सवालों का जवाब दे पायेंगे-

१. मोदी जी ने साल 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि वो यहां की बंद पड़ी मिलों को शुरू करवाएंगे और अगली बार जब यहां आएंगे तो उन्हीं चीनी मिलों की चीनी की ही चाय पीएंगे...दस साल बीत गये बचे हुए चीनी मिल भी बंद हो गये।

२. डबल इंजन सरकार के मुखिया नीतीश जी ने एक मंच से जिसे वह मोदी जी के साथ साझा कर रहे थे ह्यपटना विश्वविद्यालयह्न को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की माँग की थी, पर आपने इंकार कर दिया, क्यों?

पूर्णिया, मुजफ़्फ़रपुर एवं भागलपुर हवाई अड्डे का क्या हुआ?

३. अपने भाषणों में आपने दरभंगा का एम्स तो बना दिया पर जमीन पर कब उतरेगा ?

४. पूरे बिहार में लगातार विलय के नाम पर सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है।5000 से अधिक स्कूलों को बंद किए जाने की सूचना है। केवल एक केवल एक पूर्वी चंपारण जिले में 323 विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। विद्यालयों को बंद करना शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन है। क्या यह निजी विधालयों को बढ़ावा देने के लिये सरकार की यह सोची समझी नीति नहीं है?

५. बिहार में ऋण-जमा अनुपात सबसे कम मात्र 54% क्यों है?६. ?बिहार के किसानों की प्रति व्यक्ति आय मात्र 3500/ रुपए है जो पंजाब और हरियाणा की तुलना में बहुत कम है, जो 18,000 रुपये प्रति माह तक है?

७. ?नीतीश जी की सरकार ने 2006 में ही कृषि उत्पादन बाजार समिति को बंद करवा दिया था, दस सालों में भी वह दुबारा क्यों नहीं शुरू हो पाया? ८. ?बिहार ताजी सब्जियों में शीर्ष उत्पादक, फलों में तीसरे स्थान पर, दूध में भी अग्रणी उत्पादक है। किसानों को घरेलू बाजारों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए किसान ट्रेन सुविधाएँ क्यों प्रदान नहीं की गईं हैं अब तक?९. ?कोशी के कहर से बिहार को कब मुक्ति मिलेगी? बाढ़ के प्रकोप को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने कितने बांध बनाए? कितनें उपाय किये?१०. ?लोकसभा चुनाव के ठीक पहले बिहार को मिला बड़ा उपहार - एनटीपीसी ने 220 मेगावाट क्षमता की बरौनी तापीय बिजलीघर स्टेज-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया है. कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गयी सूचना में बताया है कि एनटीपीसी बरौनी तापीय बिजलीघर स्टेज- 1 (110-110 मेगावाट की दो इकाइयों) के परिचालन को 31 मार्च, 2024 से स्थायी रूप से बंद कर दिया जायेगा। कांटी थर्मल पावर स्टेशन , मुजफ़्फ़रपुर भी मरणासन्न अवस्था में है।क्या इन प्रश्नों के जवाब मोदी जी दे गये या फिर बस झूठ की बारिश फिर से कर गये? बिहार की जनता बेवकूफ नहीं है, इस चुनाव में अपने साथ किये जा रहे सौतेलेपन का बदला गिनकर लेगी ।

# कर्नाटक में कार और बस की आमने-सामने की टक्कर में तीन की मौत

**हुब्बली।** कर्नाटक के हुब्बली शहर के बाहरी इलाके में एक कार और बस की भिड़त में कार सवार आंध्र प्रदेश के तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात अंचतगेरी गांव के पास जब यह दुर्घटना हुई तब कार सवार लोग अपने गृह राज्य जा रहे थे। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि चौथे व्यक्ति का एक अस्पताल के आईसीयू में उपचार किया जा रहा है।

भिड़ंत इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, शुरूआती जांच में पता चला है कि दुर्घटना के लिए दोनों ही पक्ष जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# सम्राट अशोक ने बिहार की पावन धरती से विश्व को शांति का संदेश दिया: अजय कुमार

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)**

आज मंगलवार को बिहारशरीफ प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय छबीलापुर में मौर्य राजवंश के महान सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षक ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनके जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अशोक संपूर्ण भारत वर्ष की एकता और अखंडता के प्रतीक पुरुष के रूप में जाने जाते हैं।

कुंजेश बिहारी ,अजय राणा ,अशोक कुमार ,धीरज कुमार, शिशुपाल पांडे ,शंकर कुमार ,संजीत कुमार, शत्रुघ्न पांडे ,राखी कुमारी ,कल्पना, रेखा ,आफताब आलम ,शिखा कुमारी ,अजय दास ,सुजीत कुमार, सूरज नारायण सभी ने बारी बारी से अशोक के जीवन से संबंधित प्रसंगों का उल्लेख करते हुए सम्राट अशोक द्वारा जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों की जानकारी विद्यालय परिवार खासकर बच्चों के बीच साझा की।

शिक्षक अजय कुमार ने बिहार के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए बच्चों को मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य बिन्दुसार और उसके पुत्र महान अशोक के कलिंग युद्ध से विचलित और अशोक के ह्रदय परिवर्तन और बौद्ध

धम्म की विस्तृत जानकारी बच्चों के साथ साझा करते हुए बताया कि बिहार की इस पावन धरती से विश्व को शांति का संदेश दिया और उसी का नतीजा है कि आज वर्मा, थाईलैंड, मलेशिया, श्रीलंका और साउथ ईस्ट एशिया से बिहार की इस धरती पर लोग पर्यटक के रूप में आते हैं और सम्राट अशोक को याद करते हैं ।अजय कुमार ने बताया कि अशोक की उपलब्धियों को अशोक के विभिन्न अभिलेखों के माध्यम जिसमें कालसी मनशेहरा सहबाजगढ़ी येरागुड्डी जटिंगरामेश्वर साथ ही बिहार के लोरियानंदन लौरिया अरेराज रामपुरवा और यूपी में प्रयाग अभिलेखों से अशोक किए कार्यों की जानकारी मिलती है ।

जयंती के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा ब्लैकबोर्ड पर अशोक की खूबसूरत पेंटिंग बनाई गई, जिसे विद्यालय परिवार ने खासकर शिक्षक शंकर कुमार और वर्ग नवम के छात्रों को धीरज कुमार और अशोक कुमार ने सम्मानित किया ।संजीत कुमार, कुंजेश बिहारी और कल्पना रेखा, आफताब आलम और अजय राणा ने अशोक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368